प्रेस विज्ञप्ति

03 अक्टूबर 2021

राष्ट्रीय रक्तदान माह जो दिनांक 01से 31 अक्टूबर तक है, इसके अंतर्गत रोटरी क्लब गोरखपुर युगल एवं गोरखनाथ ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वाधान मे एक रक्तदान शिविर का आयोजन गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा जटा शंकर के प्रांगण मे आयोजित किया गया।

रोटरी क्लब गोरखपुर युगल, रोटरैक्ट क्लब गोरखपुर युवा,रोटरैक्ट क्लब गोरखपुर वारियर्स द्वारा बृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अक्सर रक्तदान को लेकर दुबिधा बनी रहती है, लोग रक्तदान से कतराते है, जबकि हकीकत यह है की रक्तदान करने के बहुत फायदे है। आपके रक्त दान से गंभीर रोगियों के प्राणो की रक्षा होती है।और आपके द्वारा किये गये रक्तदान से आपकी बहुत सारी जांचे जैसे- एड्स, हेपेटाइटिस B, हेपेटाइटिस C, सिफिलिस इत्यादि की जाँच भी हो जाती है।ये बाते ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने बतायी। और कहा कि हमारे गोरखपुर शहर कि लगभग सभी संस्थाये अब रक्तदान के क्षेत्र मे बाढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही है। जो जनमानस के हित मे एक महान कार्य है। सरकारी संस्था राज्य रक्त संचरण परिषद भी स्वरक्तदान के क्षेत्र मे ब्यापक कार्य कर रही है और उनका उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा रक्तदान शिविरो का आयोजन हो और रक्तदान के प्रति जागरूकता बढे।

रोटरी क्लब गोरखपुर युगल के अध्यक्ष रो अनुराग अग्रवाल ने बताया की रक्त का किसी भी प्रकार से उत्पादन नहीं किया जा सकता और ना ही इसका कोई विकल्प है। रक्तदान ही रक्त कि आपूर्ति कर सकता है, इसलिए रोटरी ने वैश्विक स्तर पर रक्तदान को प्राथमिकता दी है।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी और नियमित रक्तदाता सरदार जसपाल सिंह जी ने बताया कि रक्तदान करने के बाद आप पहले कि तरह ही कामकाज कर सकते है। नगर की प्रतिष्ठित समाज सेविका एवं मानवता की सेवा में समर्पित श्रीमती सुधा मोदी ने सभी रक्तदाताओं का आभार ब्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक रक्त दाता देव तुल्य है।

श्री रत्नेश तिवारी ने सभी रक्तदाताओं का आभार ब्यक्त किया।

आज इस शिविर मे श्री प्रेम नारयण कश्यप, अभिषेक केशरवानी, विशाल कुमार, सावन कुमार संजय त्रिपाठी के साथ 35 सदस्यों ने रक्त दान कर राष्ट्र के प्रति अपने कर्तब्यो का निर्वहन किया।

रोटरी क्लब की विभिन्न शाखाओं के सदस्य भारी संख्या में उपस्थित होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते रहे तथा गुरुद्वारा के भी बहुत सारे सदस्य अपनी उपस्थित से वातावरण को एक उत्सव का स्वरूप दे रहे थे उनमें प्रमुख थे उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के सदस्य एवं गोरखपुर के विकास को नई दिशा देने में प्रशाशन का सक्रिय सहायोग देने वाले श्री जगनयन सिंह (नीटू)।

कार्यक्रम की सफल बनाने में तकनीशियन चन्द्रेश्वर, अभिषेक, नेहा आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

सभी रक्तदाताओं को ब्लड बैंक द्वारा सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र , की चैन,मास्क आदि प्रदान दिया गया । वैश्विक महामारी कोविड को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में सोशल डिस्टेंस, हैण्ड सैनिटाइजेशन तथा मास्क इत्यादि मानकों का अनुपालन करते हुए रक्तदाताओ का चिकित्सीय परिक्षण, हीमोग्लोबिन, बी.पी. पल्स, ब्लड ग्रुप इत्यादि जाँच की गई।